



# भरतपुर में ''स्पोर्टस मीट 2025-26'' का बड़े धूमधाम से आगाज

- विवेकानन्द स्कूल में प्रतियोगिताओं का हुआ शुभारम्भ
- प्रतियोगिताओं में सर्वप्रथम प्री-प्राइमरी कक्षाओं की प्रतियोगिताओं में कक्षा नर्सरी के बच्चों की टॉफी रेस हुई जिसमें तेजस्व सोनी प्रथम, जतिन कटारा द्वितीय एवं भाविक अठावाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**भरतपुर** (निस)। विवेकानन्द पब्लिक सी0 सै0 स्कूल, आर्य समाज रोड़, भरतपुर में गुरूवार को "स्पोर्टस मीट 2025-26" का बड़े धूमधाम से आगाज हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष अनन्तराम आर्य ने की। सर्वप्रथम अतिथिगण ने स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। प्रतियोगिताओं में सर्वप्रथम प्री-प्राइमरी कक्षाओं की प्रतियोगिताओं में कक्षा नर्सरी के बच्चों की टॉफी रेस हुई जिसमें तेजस्व सोनी प्रथम, जतिन कटारा द्वितीय एवं भाविक अठावाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। टॉफी रेस में बड़ी ही मजेदार स्थिति तब बनी जब छोटे बच्चे रेस भूलकर टॉफी खाने में मग्न हो गये। एक अन्य दौड़ में कक्षा एलकेजी के छात्र दक्ष, वैष्णवी द्वितीय एवं आन्या बिन्दल तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा एलकेजी व यूकेजी के विद्यार्थियों की इन एण्ड आउट गेम में प्रथम स्थान पर वैष्णवी, द्वितीय स्थान पर दक्ष एवं तृतीय स्थान पर शिवांश शर्मा रहे। इन एण्ड आउट की कक्षा प्रथम व द्वितीय के विद्यार्थियों में रिषभ प्रथम, देव कुमार द्वितीय व नित्या अग्रवाल तृतीय स्थान पर रहे। नर्सरी, एलकेजी एवं यूकेजी की कविता प्रतियोगिता हुई जिसमें कक्षा प्ले गुरप में यश खण्डेलवाल प्रथम, हिर्तिका द्वितीय एवं तेजस्व सोनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुकुल को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गय। एलकेजी में कार्तिक खण्डेलवाल प्रथम, दिशिता बबैनिया द्वितीय, दक्ष एवं छवि शर्मा तृतीय रहे एवं आन्या बिन्दल एवं वैष्णवी को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया। यूकेजी में शिवांश शर्मा प्रथम, पीयूष बंसल द्वितीय व उदित गर्ग व कृष्णदेव शर्मा तृतीय रहे। एक अन्य प्रतियोगिता में पहली से कक्षा तीसरी तक, कक्षा चौथी से कक्षा छठवीं तक, कक्षा सातवीं से नवीं तक एवं 10वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों की एकल गायन प्रतियोगिता आयोजित हुई। सभी विजेताओं को आज के कार्यक्रम के अध्यक्ष अनंतराम आर्य एवं विद्यालय सचिव सत्यव्रत आर्य ने विजयी रहने पर बधाई दी तथा शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया एवं असफल प्रतियोगियों को प्रयत्नशील रहने की प्रेरणा दी। अनंतराम आर्य ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों का न केवल शारीरिक विकास होता है बल्कि एक स्वस्थ प्रतियोगिता की भावना का भी जन्म होता है जो एक बालक के सम्पूर्ण विकास के लिये अत्यन्त आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की छात्रा उमा लवानिया व पायल ने किया। कार्यक्रम संयोजिका ज्योति आर्य ने आज के कार्यक्रम का सप् फल संचालन करने के लिये समस्त विद्यालय परिवार को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों तथा विद्यालय स्टाफ ने कार्यक्रम का भरपूर आनन्द उठाया। कल स्पोर्ट्स मीट 2025-26 के द्वितीय दिवस शुक्रवार को मेहंदी, रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जायेगा।

# `भरतपुर में तुलसी पूजन कर बच्चों को सनातन संस्कृति का संदेश

**भरतपुर** (निस)। नीम दरवाजा स्थित आर्य पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल ने तुलसी पूजन कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय प्रबंधक कपिल गुप्ता एवं दिनेश शर्मा ने बताया कि बच्चे विदेशी संस्कृति को बड़ी ही तेजी से अपना रहे हैं, जिससे समाज में कई कुरीतियां एवं बच्चों में गलत आदतें बड़ी ही तेजी से फैल रही हैं। पाश्चात्य संस्कृति में रंगे हुए बच्चे अपने संस्कारों को भुला रहे हैं। इसी कारण आर्य पब्लिक स्कूल ने विद्यालय में तुलसी पूजन कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों एवं उनके अभिभावकों ने भाग लिया। सर्वप्रथम वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आचार्य हितेश दुबे ने हवन पूजन संपन्न कराया, जिसमें विद्यालय परिवार के सभी शिक्षकों एवं अभिभावकों ने आहुति अर्पित की एवं मॉ तुलसी की आराधना कर विश्व शांति की कामना की।

# सुशासन सिद्धांतों को स्मरण कर मनाया गया सुशासन दिवस

**करौली,** । भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर गुरुवार को डीओआईटी के वीसी कक्ष में जिला स्तरीय सुशासन दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया गया।

राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने प्रातः शासन सचिवालय, जयपुर में भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर सुशासन की शपथ दिलवाई। मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने स्व. वाजपेयी जी को नमन करते हुए कहा कि वे एक कुशल राजनीतिज्ञ, प्रखर वक्ता और दूरदर्शी नेता थे।

उनके नेतृत्व में देश ने सुशासन की अनुकरणीय मिसालें प्रस्तुत कीं। प्रधानमंत्री ठााम सड़क योजना एवं स्वर्णिम चतुर्भुज सड़क परियोजना जैसे महत्त्वपूर्ण कार्यक्रमों ने देश के विकास को नई दिशा और गति प्रदान की। श्रद्धेय अटल जी का सुशासन मॉडल आज भी हम सभी के लिए पथप्रदर्शक है।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना, मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीना एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के सुशासन सिद्धांतों पर अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्हें भावपूर्ण पुष्पांजलि अर्पित की और सुशासन शपथ दिलवाई गई।

जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने एवं सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में पिछले हफ्ते से सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है। इसका मूल उद्देश्य यह है कि आमजन के कार्यों का निष्पादन अधिक सरल, पारदर्शी एवं संवेदनशील तरीके से किया जा सके। साथ ही नागरिकों के प्रति प्रशासनिक व्यवहार सदैव सद्भावपूर्ण एवं जिम्मेदार होना चाहिए।

इस प्रकार जिला एवं ब्लॉक स्तर पर सभी कार्यालय में भी सुशासन दिवस मनाया गया और स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को भावपूर्ण पुष्पांजलि अर्पित कर सुशासन शपथ दिलवाई गई।

इस अवसर पर डीएफओ श्री सुमित बंसल, श्री पीयूष शर्मा, सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के सहायक निदेशक श्री धर्मेंद्र कुमार मीना सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पुण्यतिथि कार्यक्रम की घोषणा

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर के संस्थापक महाराजा सूरजमल के 262वें बलिदान दिवस पर श्री हनुमान मंदिर भूरी सिंह व्यायामशाला भरतपुर में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए व्यायामशाला के संचालक चुन्नी कप्तान ने उन्हें हिन्दू धर्म कारक्षक बताया व अपने समय मेंएक भी युद्ध न हारने वाला शासक बताया।

कार्यक्रम में शहर कांठोस अध्यक्ष दयाचंद पचोरी, बलवीर सिंह रोजविला, बाबू सिंह रेंजर, भरत सिंह गादौली, जगत पहलवान धरसोनी, सेवादल के पार्षद नरेन्द्र चोधरी, ब्रजेश शर्मा, चंद्रकांत शर्मा, सरदार सुन्दर सिंह, ओमप्रकाश ठाकुर, युगल वशिष्ठ, मंगतू सोनी, रमेश मनन सतीजा, अर्जुन कोच मलाह, हेमराज कुशवाह मौजूद रहे। अंत में दो मिनट का मोन रखकर श्रद्धांजलि दी व महाराजा सूरजमल अमर रहे के नारे लगाये।

पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटलबिहारी वाजपेई के जन्म दिवस पर व्यायामशाला में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। व्यायामशाला के संचालक चुन्नी कप्तान ने उन्हें अच्छा शासक बताया, ओजस्वी वक्ता, हिन्दी का प्रखर कवि, मृदुभाषी बताया व विपक्षी नेता व प्रधानमंत्री के रूप में सराहनीय कार्य किया।

कार्यक्रम में शहर कांठोस अध्यक्ष दयाचंद पचोरी, बलवीर सिंह रोजविला, बाबू सिंह रेंजर, भरत सिंह गादौली, जगत पहलवान धरसोनी, सेवादल के पार्षद नरेन्द्र चोधरी, ब्रजेश शर्मा, चंद्रकांत शर्मा, सरदार सुन्दर सिंह, ओमप्रकाश ठाकुर, युगल वशिष्ठ, मंगतू सोनी, रमेश मनन सतीजा, अर्जुन कोच मलाह, हेमराज कुशवाह मौजूद रहे। अंत में अटलबिहारी वाजपेई के नारे भी लगाये गये।

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की प्रथम पुण्यतिथि पर कल 26 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे श्री हनुमान मंदिर भूरी सिंह व्यायामशाला पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया जायेगा। यह जानकारी व्यायामशाला के संचालक व जिला कांठोस के वरिष्ठ नेता चुन्नी कप्तान ने दी।

# बलिदान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**भरतपुर** (निस)। महाराजा सूरजमल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रांगण में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी भरतपुर के संस्थापक महान योद्धा और दूरदर्शी शासक महाराजा सूरजमल के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्व प्रथम अध्यक्षा शिव देवी, प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तवजी , निदेशक डॉ. भूपेन्द्रसिंह ने महाराजा सूरजमल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर द्वीप प्रज्वलित किया तत्पश्चात अध्यक्षा, प्राचार्य, निदेशक तथा महाविद्यालय के समस्त स्टाफ तथा विद्यार्थिओं ने हवन में आहुति देकर दिवंगत पुण्य आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की।


## पश्चिम मध्य रेल

**कोटा मंडल-रूचि की अभिव्यक्ति-EXPRESSION of INTEREST (EOI)**

**Notice No: WCR-KOTA0COMM/20/2025 Dt. 22.12.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, कोटा मंडल, पश्चिम मध्य रेलवे प्रशासन द्वारा कोटा मंडल के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर उपलब्ध वाणिज्यिक स्थान के सर्वोत्तम उपयोग हेतु परामर्शदाता (Consultant) के रूप में कार्य करने के इच्छुक परामर्शदाता फर्मो/एजेंसियों से अभिरुचि अभिव्यक्ति (EOI) आमंत्रित की जाती है। कार्य निष्पादन के विचार के साथ प्रस्ताव व कार्य का विस्तृत अनुमान अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत किया जाना है। 1. प्रस्ताव कोटा मंडल के सभी स्टेशनों के लिए प्रस्तुत किए जा सकते हैं, विशेष रूप से कोटा, डकनिया तालाव, सवाई माधोपुर, भरतपुर एवं गंगापुर सिटी स्टेशनों के लिए। 2. **कार्य का दायरा (Scope of Work)**- i.स्टेशन परिसर एवं परिसंचरण क्षेत्र (Circulating Area) में उपलब्ध वाणिज्यिक स्थान का स्टेशन-वार आकलन। ii. उपलब्ध स्थानों के सर्वोत्तम वाणिज्यिक उपयोग हेतु अनुशंसा तथा संभावित राजस्व का आकलन। iii. वर्तमान में उपयोग में लिए जा रहे/अल्प-उपयोग में लिए जा रहे स्थानों के वैकल्पिक एवं बेहतर उपयोग का सुझाव। iv .यात्री सुविधा एवं सुरक्षा के अनुरूप नए राजस्व स्रोतों की पहचान। v . आय एवं व्यय सहित स्टेशन बैलेंस शीट तैयार करना। vi . ऑकड़ों, विश्लेषण एवं आवश्यकतानुसार ड्रॉइंग के साथ स्टेशन-वार वाणिज्यिक उपयोग योजना तैयार करना। vi i. रेलवे प्रशासन द्वारा निर्धारित माइलस्टोन के अनुसार समयबद्ध रिपोर्ट प्रस्तुत करना। 3. **ईओआई जमा करने की अंतिम तिथि:-** 10.01.2026 4. **प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरण:** इच्छुक आवेदक/प्रस्तावक रेलवे स्टेशनों के गैर-किराया राजस्व में वृद्धि के उद्देश्य से निम्नलिखित विवरण सहित अपना प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकते हैं: i.सर्वेक्षण पद्धति, समय-सीमा एवं लागत। ii. परामर्श हेतु शामिल किए जाने वाले स्टेशनों के नाम। iii.रेलवे से अपेक्षित सहयोग। iv.कार्यक्षेत्र का संक्षिप्त विवरण। प्राप्त हुए सभी प्रस्तावों की जांच आवेदकों द्वारा प्रस्तावित विचारों और अनुमानों के आधार पर की जाएगी। रेलवे प्रस्ताव के आधार पर अंतिम योजना / निवेश योजना / लाइसेंस की अवधि और अन्य नियम और शर्तों को अंतिम रूप देगा और मौजूदा नियमों के अनुसार खुली निविदाएं आमंत्रित कर सकता है। उपरोक्त के संबंध में इच्छुक आवेदक अपने प्रारम्भिक प्रस्ताव नीचे दिये गए पते या ई-मेल आईडी srdcmkota@gmail.com पर प्रस्तुत कर सकते हैं। इच्छुक आवेदक इस सम्बन्ध में जानकारी हेतु वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं अथवा वाणिज्य निरीक्षक श्री वैभव शर्मा, फोन नंबर 9256104384, से सम्पर्क कर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक आवेदक अपने प्रस्ताव पूर्ण विवरण के साथ सीलड लिफाफे में दिनांक 10.01.2026 समय 15:00 बजे तक नीचे दिये गये पते पर या ई-मेल के माध्यम से आवश्यक रूप से भेजने की व्यवस्था करे, इसके उपरांत प्राप्त प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा। **कार्यालय पता :** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक वाणिज्य विभाग, मंडल रेल प्रबंधक पश्चिम मध्य रेलवे कोटा 324002।

(हस्ता.)

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक,पश्चिम मध्य रेलवे कोटा

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर


# महाराजा सूरजमल को याद किया

**डीग भरतपुर** (निस)। महाराजा सूरजमल यूथ ब्रिगेड के तत्वाधान में महाराजा सूरजमल बलिदान दिवस पर गुरुवार को डीग शहर में भव्य महाराजा सूरजमल शौर्य यात्रा निकाली गई। शौर्य यात्रा को डीग-कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेश सिंह ने अऊ गेट पर महाराजा सूरजमल के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. शैलेश सिंह ने कहा कि महाराजा सूरजमल अद्वितीय वीरता, साहस और रणनीतिक कौशल के प्रतीक थे। उन्होंने विदेशी आक्रांताओं के विरुद्ध संघर्ष कर भरतपुर रियासत को सशक्त बनाया और सदैव धर्म, स्वाभिमान व जनकल्याण की रक्षा की। उनकी शौर्य गाथा आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। विधायक डॉ. शैलेश सिंह ने कहा कि महाराजा सूरजमल ने संगठन शक्ति और एकता के बल पर सशक्त शासन की नींव रखी।

उन्होंने किसानों, सैनिकों और आमजन के हितों को सर्वोपरि रखा। आवश्यकता है कि युवा उनके आदर्शों को अपनाकर समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

महाराजा सूरजमल शौर्य यात्रा शहर के अऊ गेट से प्रारंभ होकर पुराना बस स्टैंड होते हुए शहर के सभी मुख्य बाजारों में होकर निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में एक गाड़ी में रखे महाराजा सूरजमल के चित्र के साथ , कारों, जे सीबी, ट्रैक्टर ट्रॉलीयो और वाइको पर सवार महाराजा सूरजमल युद्ध ब्रिगेड और जाट समाज के कार्यकर्ता हाथों में ध्वज लेकर महाराजा सूरजमल जिंदाबाद भारत सूरजमल अमर रहे के नारे लगाते चल रहे थे।

`शहर में जगह-जगह पुष्प बरसा कर शौर्य यात्रा का स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में किसान नेता नेम सिंह फौजदार, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल गुप्ता ,शहर मंडल अध्यक्ष ललित तिवारी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राकेश गिरसै, तारा सिंह सिनसिनवार सहित बड़ी संख्या में महाराजा सूरजमल युद्ध ब्रिगेड के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# महाराजा सुरजमल का बलिदान दिवस मनाया

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर के संस्थापक वीर शिरोमणि महाराजा सूरजमल के 562वें बलिदान दिवस पर भरतपुर किला स्थित महाराजा सूरजमल की मूर्ति पर कच्चा परकोटा नियमन संघर्ष समिति भरतपुर के संयोजक जगराम धाकड के नेतृत्व में सैंकड़ों कच्चे डण्डेवासियों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई।

पुष्पांजलि कार्यक्रम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष इन्द्रजीत भारद्वाज ने महाराजा सूरजमल के व्यक्तित्व एवं चरित्र पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि महाराज सूरजमल ने भरतपुर में अजय दुर्ग की स्थापना कर गंगा नदी के तट से लेकर चम्बल नदी के तट तक अपने पराक्रम एवं शौर्य से अनेकों युद्ध लड़कर राज्य का विस्तार किया। महाराजा सूरजमल शूरवीर होने के साथ-साथ एक कुशल प्रशासक थे।

उन्होंने अपने राज्य में सभी जाति एवं धर्मों को साथ रखकर राज्य व शासन किया था।

वह आज के दिन ही दिल्ली लड़ाई के दौरान मुगलों से युद्ध करते हुए धोखे से किये गये वार से शहीद हो गये थे। उन्हें हम सभी याद कर नमन करते हैं। इस मौके पर कच्चे डण्डे के श्रीराम चन्देला, कवियत्री अर्चना बंसल, श्रीपत शर्मा, श्रीकृष्ण कश्यप, यदुनाथ दारापुरिया, गांधीदेव एडवोकेट, भागमल वर्मा, मिश्रीलाल, मानसिंह सागर, अमर सिंह, दीपक सिंह, नरेश शर्मा, सुमित तोमर, वीरी सिंह, खेमचंद कोली, बालकृष्ण कश्यप, मौलाना मौहम्मद कासिम, सरदार भजन सिंह, जीतू चाहर, योगेन्द्र पाल, जगदीश खण्डेलवाल, खूबीराम चौधरी, पुष्कर सिंह सहित सैंकड़ों डण्डे पर बसे सभी जाति एवं धर्म के लोगों ने मूर्ति के समक्ष माला एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित कर महाराजा सूरजमल को याद किया और महाराजा सूरजमल अमर रहें के नारे लगाये गये।


RIICO GROW WITH RAJASTHAN

राजस्थान सरकार का उपक्रम

RISING RAJASTHAN REPLETE • RESPONSIBLE • READY

**औद्योगिक क्षेत्रों में संस्थानिक/ वाणिज्यिक/ ग्रुप हाउसिंग एवं गैर औद्योगिक भूखण्डों का**

सरल ई-नीलामी के माध्यम से

**आवंटन**

HOSPITAL THE MALL HOTEL

**अन्तिम 4 दिन शेष**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कुल भूखण्ड 391 | अस्पताल/ नर्सिंग होम/ डिस्पेंसरी 13 | वाणिज्यिक भूखण्ड 119 | आवासीय/ ग्रुप हाउसिंग 68 | वे ब्रिज 07 | गोदाम 03 |
| दुकानें/ शोरूम 139 | होटल/ रेस्टोरेन्ट 13 | पेट्रोल पम्प/ फ्यूल फिलिंग स्टेशन 07 | स्कूल 07 | संस्थानिक 10 | कियोस्क 05 |

ईएमडी अंतिम तिथि: 29 दिसम्बर, 2025 (सायं 06:00 बजे)

ऑनलाईन बिड प्रारम्भ तिथि: 30 दिसम्बर, 2025 (प्रातः 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 02 जनवरी, 2026 (सायं 05:00 बजे)

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | आबू रोड़ | 07 | चूरू | 05 | नागौर | 07 | उदयपुर |
| 15 | अजमेर | 10 | बीकानेर | 19 | पाली | 21 | जयपुर (उत्तर) |
| 23 | अलवर | 09 | झुंझुनू | 18 | झालावाड़ | 02 | जयपुर (दक्षिण) |
| 13 | भिवाड़ी-I | 20 | भरतपुर | 28 | किशनगढ़ | 08 | जयपुर (ग्रामीण) |
| 13 | भिवाड़ी-II | 01 | बालोतरा | 19 | राजसमंद | 12 | ईपीआईपी सीतापुरा, जयपुर |
| 15 | घिलोठ | 30 | भीलवाड़ा | 10 | कोटा | 09 | जोधपुर |
| 04 | दौसा | 22 | नीमराना | 08 | सीकर | 07 | श्रीगंगानगर |
| 13 | सवाईमाधोपुर | | | 10 | बोरानाडा | | |

*25% भुगतान के बाद, शेष 75% भुगतान 11 किश्तों में 8.5% ब्याज के साथ या 120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान

आवेदन के लिए QR कोड स्कैन करें

राज.संवाद/सी/25/16464

**राजस्थान स्टेट इण्डस्ट्रियल डवलपमेन्ट एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005

ई-नीलामी हैल्पलाइन नं. 0141-4593250, 4593237, व्हाट्सएप: +91 9001306515, ई-मेल: riico@riico.co.in

आवंटन से सम्बंधित नियमों एवं शर्तें, ईएमडी विवरण, रजिस्ट्रेशन एवं भूखण्ड से सम्बंधित जानकारी के लिए देखें https://riico. rajasthan.gov.in या https://www.riico.co.in



